भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †5936

सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ऊटी जाने वाले पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का प्रावधान

†5936. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पर्यटकों के समय की बचत करने के लिए टेक्सटाइल सिटी कोयम्बटूर और प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ऊटी के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा देश भर में पर्यटकों की सुविधा और मनोरंजन के लिए भविष्य में उक्त योजना को लागू करने के लिए ऐसे प्रस्ताव पर विचार किए जाने की संभावना है ताकि समय की बचत हो सके और अधिक आय अर्जित की जा सके; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के प्रावधानों के अनुसार, हेलीकॉप्टर प्रचालन की अनुमति केवल प्राथमिकता वाले क्षेत्र में है, जो जम्मू एवं कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तरपूर्वी क्षेत्र की राज्य और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह में इसकी प्रयोज्यता के संबंध में जानकारी देती है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 मार्च, 2026 को अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए संशोधित उड़ान योजना के शुभारंभ और कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है। यह योजना पहाड़ी, आकांक्षी और उत्तरपूर्वी क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों को भी सहयोग देगी।

*****